प्रेस सूचना (प्रेस विज्ञप्ति सं.05/2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, दिनांक 09th जनवरी 2026

तत्काल प्रकाशन हेतु वेबसाइट:- www.trai.gov.in

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने सोनीपत शहर और उसके आसपास- के इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2025 महीने के दौरान हरियाणा के सोनीपत शहर और उसके आस-पास के इलाके में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु जारी किए हैं। इस ड्राइव परीक्षण का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP) द्वारा प्रदान की जा रही मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉइस एवं डेटा दोनों) की वास्तविक परिस्थितियों में गुणवत्ता का आकलन एवं सत्यापन करना है।

स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के दौरान, भादूविप्रा कॉल सेटअप सक्सेस रेट, डेटा डाउनलोड एवं अपलोड स्पीड , स्पीच क्वालिटी आदि जैसे प्रमुख परफॉरमेंस इंडिकेटर (KPI) का वास्तविक डेटा एकत्रित करता है। इस प्रक्रिया में विभिन्न उन्नत टेस्ट हैंडसेटों तथा सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए वास्तविक समय में सत्रों की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के परिणाम, उपभोक्ताओं को सूचित करने, और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, भादूविप्रा की वेबसाइट और समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं

भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से हरियाणा एलएसए में 02.12.2025 से 04.12.2025 के बीच 188.4 किलोमीटर सिटी ड्राइव और 08 हॉटस्पाट को कवर करते हुए विस्तृत ड्राइव टेस्ट किए। **सोनीपत शहर** में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के परिणामों का सारांश यहाँ पर दिया जा रहा है:

(i) वॉइस सेवाएं:

क्रम सं	मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G)	मापन इकाई	एयरटेल	बी.एस.एन.एल.	आर.जे.आई.एल	वी.आई.एल.
1	कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर)	%	100.00	**91.27**	99.79	100.00
2	ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर)	sec	0.00	0.23	0.63	0.21
3	कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सीएसटी)	%	1.23	6.59	0.66	0.69
4	कॉल साइलेंस रंट (म्यूट काल)	%	0.53	3.08	1.84	0.00
5	मीन ओपिनियन स्कोर (.एस.ओ.एम)	1-5	3.97	3.45	4.37	4.43

(ii) डाटा सेवाएं:

क्रम सं	मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G)	मापन इकाई	एयरटेल	बी.एस.एन.एल.	आर.जे.आई.एल	वी.आई.एल.
1	एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	230.90	14.66	250.35	37.99
2	एवरेज अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	37.81	4.27	20.71	12.55
3	लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल)	in ms	15.91	24.97	18.09	17.67

सोनीपत शहर में आयोजित ड्राइव टेस्ट में सोनीपत शहर के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्र जिनमें निकटवर्ती सियोली, जठेरी, हरसाना कलां, जीवन विहार, सेक्टर 23, सेक्टर 15, मॉडल टाउन, सेक्टर 33, सेक्टर 12, मुरथल रोड, कुमाशपुर और बहालगढ़ आदि शामिल हैं, आसपास के क्षेत्रों सहित सोनीपत शहर के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया।

इस आई.डी.टी. रिपोर्ट के निष्कर्ष संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टी.एस.पी.) के साथ साझा किए गए हैं, ताकि आवश्यकतानुसार वे अपने स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर सकें। इस आई.डी.टी. की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर से ईमेल **adv.jaipur@trai.gov.in** पर संपर्क किया जा सकता है।

राजेश कुमार अग्रवाल, आई.टी.एस.
सलाहकार, भादूविप्रा
क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर
☎फोन नं **91-141-2701919**